मांग | जागरूक नागरिकों ने की उचित कार्यवाही की मांग

# मिलावटी दूध का काला कारोबार, सेहत से खिलवाड़



**नवभारत/नरसिंहपुर/गोटेगांव।** नगर में इन दिनों मिलावटी दूध बेचने वाली डेयरियों की बाड़ सी आ गई है। खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा केवल कागजी खानापूर्ति करने के कारण इन मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं। नगर के काली माता मंदिर के पास स्थित एक दूध डेयरी सहित कई स्थानों से लगातार मिलावट की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। हैरानी की बात यह है कि इन डेयरियों में न केवल दूध की शुद्धता से समझौता किया जा रहा है, बल्कि नाप-तौल के लीटर में भी गड़बड़ी कर ग्राहकों को कम मात्रा में दूध देकर उनसे पूरी कीमत वसूली जा रही है। नियमानुसार डेयरी संचालन के लिए एफएसएसएआई (FSSAI) से लाइसेंस लेना अनिवार्य है, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर यह अवैध कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है।

## स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा

दूध में अधिक मुनाफा कमाने के लालच में मिलावटखोर डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा, यूरिया, स्टार्च और वनस्पति तेल जैसे जानलेवा रसायनों का उपयोग कर रहे हैं। यह रसायन मानव स्वास्थ्य, विशेषकर बच्चों के शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। रसायनों के इस मिश्रण से दूध की मात्रा बड़ाकर मिलावटखोर अपनी जेबें भर रहे हैं और जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस गंभीर मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी केंद्र सरकार को मिलावटखोरों के विरुद्ध कठोर सजा का प्रावधान करने के निर्देश दिए हैं।

## सतर्क रहें और करें शिकायत

नगरवासियों को मिलावटी दूध के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। यदि आपको दूध या अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट का संदेह है, तो आप राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के टोल-फ्री नंबर 1800-11-4000 या 14404 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा consumerhelpline.gov.in वेबसाइट पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। प्रशासन को चाहिए कि वे केवल कागजों तक सीमित न रहकर धरातल पर औचक निरीक्षण करें ताकि इन मिलावटखोरों पर नकेल कसी जा सके।

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**नवभारत/नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लंबित प्रकरण, सुशासन, भूमि आबंटन प्रकरण, धारणाधिकार से संबंधित प्रकरण सीएम हेल्पलाइन आदि से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में डिप्टी कलेक्टर देवंती परते, एसडीएम, तहसीलदार और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने धारा 11 के तहत लंबित प्रकरणों का अतिशीघ्र निराकरण कर प्रकाशन कराने के निर्देश दिये। धारा 11 की कार्यवाही पूर्ण होने के बाद धारा 15 की कार्यवाही पूर्ण होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यालय में दर्ज भू प्रकरणों के रिकार्ड अद्यतन के कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि रिकार्ड अद्यतन के लिए मानक चेक लिस्ट का पालन किया जाये। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने न्यायालय में पदस्थ रीडर से प्रत्येक सप्ताह लंबित प्रकरणों की प्रगति की रिपोर्ट लेना सुनिश्चित करें। पीठासीन अधिकारियों के पास लंबित प्रकरणों को वर्षवार एवं प्राथमिकता के आधार पर वर्गीकृत किया जाये। कलेक्टर सिंह ने सुशासन व्यवस्था को प्रभावी पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के लिए।

# डमरू घाटी में गूंजा हर-हर महादेव, महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और चार पहर की पूजा के साथ भव्य मेले का शुभारंभ**



**नवभारत/गाडरवारा।** महा-शिवरात्रि के पावन अवसर पर आज गाडरवारा स्थित प्रसिद्ध शिवधाम डमरू घाटी पूरी तरह शिवमय हो उठी। सुबह से ही हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोषों के बीच लाखों शिव भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजन के लिए शिवधाम पहुंचे। श्रद्धालुओं की आस्था, भक्ति और उत्साह से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर नजर आया। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित विशाल धार्मिक मेले का भव्य शुभारंभहुआ। अनुमान के अनुसार इस वर्ष करीब पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शिवधाम पहुंचने की संभावना है, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगरपालिका द्वारा व्यापक, सुदृढ़ और पुख्ता व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रशासनिक तैयारियां चाक-चौबंद, सुरक्षा के कड़े इंतजाम श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना एवं जिला कलेक्टर रजनी सिंह ने स्वयं मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेले में 150 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं जवान, 8 पुलिस मोबाइल, सादी वर्दी में तैनात बल तथा 40 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे मेला परिसर और आसपास के क्षेत्रों में 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। असामाजिक तत्वों, चोरों और मनचलों पर विशेष नजर रखी जा रही है। स्वच्छता, स्वास्थ्य और आपात सेवाएं सुदृढ़ नगरपालिका गाडरवारा द्वारा मेला क्षेत्र और आसपास विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थायी शौचालय, स्वच्छ पेयजल, कचरा संग्रहण एवं नियमित निस्तारण, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, फायर ब्रिगेड और अग्निशमन यंत्र की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। भव्य धार्मिक अनुष्ठान और शिव बारात धार्मिक दृष्टि से महाशिवरात्रि पर शिवधाम डमरू घाटी में भव्य रुद्राभिषेक, चार पहर की पूजा और विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव का जल, दूध, दही, घी, शहद, चीनी एवं बेलपत्र से अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया जा रहा है। आज के दिन विभिन्न क्षेत्रों से बाबा महाकाल की बारात पालकी के साथ शिवधाम पहुंची, जिससे पूरा वातावरण भक्ति, उत्सव और उल्लास से भर उठा। यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन किए गए हैं-नरसिंहपुर से साईखेड़ा-पिपरिया जाने वाले वाहन: नारगी-कल्याणपुर-एनटीपीसी-गाडरवारा बायपास, तेंदूखेड़ा से गाडरवारा: उदयपुरा-साईखेड़ा मार्ग, तेंदूखेड़ा से करेली: अट्ठाईसा पेट्रोल पंप-कौड़िया मार्ग सभी मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित ऑटो रिक्शा संचालन के लिए भी विशेष रूट तय किए गए हैं। कुछ प्रमुख मार्गों पर ऑटो संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पैदल आवागमन के लिए अस्थायी पुल दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु शक्कर नदी पर मुख्य पुल के दोनों ओर अस्थायी पुलों का निर्माण किया गया है, जिनका उपयोग केवल पैदल श्रद्धालु करेंगे। मुख्य पुल पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित है। मेला क्षेत्र को प्रतिबंधित जोन घोषित करते हुए नियम उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन की अपील प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों, यातायात नियमों और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करें, शांति, सौहार्द और सहयोग बनाए रखें, ताकि शिवधाम डमरू घाटी का यह पावन और विशाल धार्मिक आयोजन सुरक्षित, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हो सके।



# हनुमान मंदिर नवनिर्माण के लिए दी 50000 हजार की धन राशि

**नवभारत/गोटेगांव।** विगतदिवस पुराना बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर नवनिर्माण हेतु नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी धार्मिक कार्यों में सम्मिलित होकर सहयोग कर दूसरों के लिए प्रेरणा बनकर सामने आने वाले व्यक्ति सौरभ खरयाजी द्वारा हनुमान मंदिर नवनिर्माण हेतु 50000 हजार रुपए की सहयोग राशि हनुमान मंदिर सेवा समिति पुराना बस स्टैंड गोटेगांव को सौंपकर दान की है जो एक सराहनीय कार्य है ऐसे दान से मंदिर निर्माण में मदद और समाज में सकारात्मकता और सहयोग की भावना बढ़ती है श्री खरया ने बताया कि अगर हमें भगवान ने उस लायक बनाया है तो हमें दान और सहयोग जरूर करना चाहिए ताकि हर धार्मिक कार्यों को गति मिल सके साथ ही इस तरह के दान करने से मन को शांति की अभिभूति होती है।

# शिव भक्तों ने अस्पताल परिसर नर्मदेश्वर मंदिर में किया अभिषेक



**नवभारत/गोटेगांव।** स्थानीय शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव नंर्मदेश्वर मंदिर शिवालय में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया शिवालय को फूल माला तथा रंग-बिरंगे रोशनी से सजाकर आकर्षक रूप दिया गया था महाशिवरात्रि के अवसर मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते समाजसेवी सरदारसिंह पटेल पंडित लक्ष्मी नारायण तिवारी सचिन मानू वरडिया ने प्रसिद्ध नर्मदेश्वर मंदिर पहुंचकर विधि विधान से भगवान शिव का जल दूध शहद गंगाजल बेलपत्र फूल से भगवान शिव का अभिषेक किया प्रदेश वासियों की मुख समृद्धि और शांति की कामना की महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में भव्य सजावट की गई और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे वैदिक महाआरती भजन कीर्तन आयोजन किया गया पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए आचार्य पंडित घनश्याम प्रसाद दुबे पूर्व जनपद अध्यक्ष संतोष दुबे सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे बीएमओ डॉ एस एस धुर्वे डा रजनी सिंह डॉक्टर साथ ही इसी क्रम में नया बाजार गुरुनानक वार्ड स्थित नर्मदेश्वर मंदिर में स्थानीय वार्ड वासियों ने भोले बाबा की संगीतमय महाआरती का भव्य गायन कर रुद्राभिषेक किए जाने के उपरांत भक्तिमय वातावरण में महाप्रसाद वितरण किया गया साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं ने शिव शंकर नर्मदेश्वर बाबा की विशेष पूजन अर्चन कर अभिषेक करने के उपरांत बाबा से अपनी और अपने क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बंधु एवं नन्हे मुन्ने बच्चे मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

# दूषित पानी पीने को मजबूर थे वार्डवासी, नालियों से बाहर निकाली गई पाइपलाइन



**नवभारत/ गोटेगांव।** बीते दिनों ग्राम पंचायत करकबेल स्थित वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 में पेयजल सप्लाई की पाइपलाइन नालियों के अंदर से डली हुई थी जो की अनेकों जगह से फटी और लीकेज थी जिससे पीने के पानी में नालियों का गंदा पानी भी जा रहा था जिस कारण से वार्ड वासियों को काफी परेशानियां होने के साथ-साथ खतरनाक बीमारियों की संभावना भी बढ़ रही थी, समस्या की जैसे अखबारों में प्रकाशित करने के बाद हरकत में आया स्थानीय प्रशासन का दल ऐ.डी.ओ श्रीमती मनीषा ठाकुर एक दल के साथ करकबेल पहुंचीं और निरिक्षण करने के उपरांत पंचायत कर्मियों आदेश किया और आनन फानन में सरपंच सचिव रोजगार सहायक सरपंच प्रतिनिधि ने सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया साथ ही जेसीबी बुलाकर ग्राम पंचायत में सफाई अभियान भी चलाया, पंचायत प्रशासन ने वार्ड क्रमांक 3 और 4 की उन पाइपलाइनों को नालियों के भीतर से बाहर निकालकर व्यवस्थित कर दिया है, जिनसे दूषित पानी पहुंचाने की समस्या बनी थी।

## एक नजर में



### पुलवामा अटैक की वर्षी निकाला कैंडिल मार्च

**सालीचौका।** को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में एक आत्मघाती हमलावर ने आतंकी हमला किया, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। सालीचौका नगर में गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत युवाओं का संगठन जो पूर्ण रूप से राष्ट्रवादी एवं संविधानवादी विचारधाराओं के लिए सक्रिय है। बाबा साहब युवा शक्ति संगठन जिसके तत्वाधान में 26 जनवरी 2026 को पोडार चौराहा से गाडरवारा तक संविधान सम्मान रैली एवं तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया था। इस संगठन के तत्वावधान में 14 फरवरी 2026 शनिवार शाम को पुलवामा शहीद दिवस की स्मृति में नगर सालीचौका के नर्मदा मन्दिर,राधाकृष्ण मन्दिर से मुख्य मार्ग होते हुए गुड़ बाजार,मौरछल्ली पटवा बाजार तक,कैंडल मार्च किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला शक्ति के रूप में बेटियों युवतियों ने सहभागिता प्रदान की और वीर शहीद अमर रहे के नारे लगाए। साथी युवाओं ने भी बड़े जोश और राष्ट्रीय उद्देश्य की परिपूर्ति हेतु नगर भ्रमण करते हुए शाम को कैंडल मार्च किया। उक्त कैंडल मार्च में पुलवामा शहीद दिवस को मनाया गया जिसमें शहीद हुए जवानों की स्मृति में कैंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर के प्रसिद्ध स्थल नर्मदा मंदिर के पास सभी ने एकत्रित होकर वीर शहीदों को अमर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा भारत माता और वीर सपूत अमर रहे के नारों के साथ 2मिनिट मौन धारण कर नगर में एक सार्थक संदेश दिया। उक्त अवसर पर नगर सालीचौका में आसपास के ग्राम मारेगांव, अर्जुनगांव, सालीचौका, अमाडा,पचामा, भटरा, डूंगरिया, आडेगाव कला, पोडार, दराना, बेलखेड़ी, सहावन, टोला, खमरिया, पिटवानी, नांदनेर, आदि ग्रामों से बड़ी संख्या में युवाजन मौजूद रहे।

### गुंजन गीत माला में श्रोता हुए भावविभोर

**नवभारत,जबलपुर।** गीत - संगीत हमारी मानसिक और शारीरिक थकान उतार कर हमें स्फूर्ति प्रदान करते हैं । उपरोक्त आशय के विचार गुंजन कला सदन द्वारा दत्त मंदिर प्रेक्षागृह में आयोजित गीत माला कार्यक्रम में मोहम्मद रफी और किशोर कुमार के मनभावन गीतों के आयोजन अवसर पर मुख्य अतिथि अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने व्यक्त किए, इन्होंने एक गीत भी गाया। कार्यक्रम में रंग - रंग के फूल खिले हैं.. तुम तो प्यार हो.. मेरे नैना सावन भादों.. चला भी आ आज रसिया.. जैसे 30 से अधिक गीतों को सुनकर दर्शक - श्रोता वाह वाह कर उठे । संध्या जैन के संयोजन में गायक मोहित मिश्रा, गौरव सहगल, राज कौर मल्होत्रा, जूली राठौर, आयशा मजूमदार, राजा हराले, नम्रता जैन, आनंद साहू, थॉमस डिकूज, किशोर ताम्हने, विपिन, मनीष जैन, विजय बैन, गंगा बावरिया, पुरुषोत्तम, मृदुला शर्मा, मदन मराडवार, सुशील श्रीवास्तव, नीरज शुक्ला आदि ने मधुर गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, लायन नरेंद्र जैन, राजेश पाठक 'प्रवीण' हिमांशु तिवारी, विमला श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित करते हुए अतिथियों के स्वागत से किया। संचालन डॉ. मंजू गोरे ने आभार शिल्पा ताम्हने ने किया।

# शासकीय आईटीआई बाबई चीचली में नए व्यवसाय प्रारंभ करने के दिए निर्देश

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** 17 फरवरी 2026. कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर चैम्बर में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय स्किल कमेटी की बैठक में कौशल उन्नयन, जिले की शासकीय आईटीआई में संचालित व्यवसायों एवं पीएम विश्वकर्मा योजना व मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से संबंधित आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय आईटीआई बाबई चीचली आरएसी, सोलर टेक्नीशियन, पीतल इंडस्ट्रीज से संबंधित फाउंड्रीमैन, शीटमेटल एवं एनटीपीसी की मांग के अनुसार नये व्यवसाय प्रारंभ करने के निर्देश दिये। जिले की समस्त शासकीय आईटीआई के प्राचार्यों, नगरपालिका सीएमओ एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न व्यवसायों जैसे कुम्हार, बड़ाई, मोची, वास्केट मेकर के सामाजिक प्रतिनिधियों से संपर्क करने एवं वर्कशॉप आयोजित किये जायें। कलेक्टर/सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में पीतल निर्माण से संबंधित कारीगरों के कौशल प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता के लिए एक समिति गठित की जाए, जिसमें जीएम डीआईसी, प्राचार्य शासकीय आईटीआई नरसिंहपुर/ बाबई चीचली व एलडीएम सदस्य के रुप में रखे जायें। उक्त समिति की नियमित बैठक आयोजित की जाये। कलेक्टर ने जिले में संचालित योजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण करने एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश एनएसडीसी को दिये। उन्होंने समस्त शासकीय आईटीआई को प्रत्येक संस्था से कम से कम तीन व्यवसायों का चयन कर प्रशिक्षण प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

# बीईओ सीमा डोंगरे ने किया शालाओं का औचक निरीक्षण



**नवभारत/ गाडरवारा/ साईखेड़ा।** विकासखंड अंतर्गत आने वाली विभिन्न शालाओं का विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीमा डोंगरे ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन को शांतिपूर्ण एवं नियमानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाई व हायर सेकेंडरी परीक्षा केंद्र आडेगांव कला का निरीक्षण किया, जहां परीक्षा व्यवस्थाओं को व्यवस्थित पाया गया। इस दौरान शिक्षक नारायण मेहरा, अतिथि शिक्षक हनुमत सिंह टेटवार, योगेश पटेल तथा भारती वर्मा उपस्थित रहे। इसके बाद प्राथमिक-माध्यमिक परीक्षा केंद्र शासकीय माध्यमिक शाला डूंगरिया का निरीक्षण किया गया। यहां आशीष सुक्ला, कल्पना मेहरा एवं अभिषेक कौरव सहित स्टाफ उपस्थित रहा। व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए उन्होंने माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक रत्नेश चौबे को परीक्षा में शांति एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। प्राथमिक शाला में संतोष शर्मा एवं आकांक्षा नागेश उपस्थित रहे। इसके अलावा प्राथमिक शाला ढिंगसरा का निरीक्षण किया गया, जहां शिक्षक मानक लाल अहिरवार उपस्थित मिले। निरीक्षण के क्रम में अजंदा की माध्यमिक एवं प्राथमिक शालाओं का भी अवलोकन किया गया, जहां मुकेश कुबरे एवं अतिथि शिक्षक प्रदीप सुक्ला सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। बीईओ ने विद्यार्थियों की शिक्षा गुणवत्ता का भी परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीटीआई प्राचार्य सुनीता पटेल, साईखेड़ा के बीआरसी संदीप स्थापक तथा भागीरथ पटेल भी साथ रहे। निरीक्षण के बाद बीईओ सीमा डोंगरे ने समस्त व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा संचालन अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में होना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर माहौल मिल सके।

# जांच के दौरान 9 वाहनों में कमी पाये जाने पर जुर्माना

**नरसिंहपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा के निर्देशों के परिपालन में जिला परिवहन अधिकारी व उनकी टीम द्वारा एनटीपीसी में संचालित प्लाईऐश परिवहन में लगने वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान 9 वाहनों में कमी पाए जाने पर मौके पर ही जुर्माने की कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी नरसिंहपुर रवि बरेलिया ने बताया कि मंगलवार को चीचली-गाडरवारा रोड एवं गाडरवारा-तेंदूखेड़ा रोड पर एनटीपीसी में संचालित फ्लाईऐश के परिवहन में लगे लगभग 35 वाहनों की जाचं की गई। इन वाहनों में मुख्य रूप से असुरक्षित परिवहन, ओवरस्पीडिंग, परमिट शर्तों के उल्लंघन एवं मोटर वाहन अधिनियम की अन्य धाराओं में की जांच की गई।



# अहिल्या बाई की प्रतिमा लगाने विधायक निधि से मिलेंगे 5 लाख

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस अखिल भारतीय गड़रिया महासभा के सामाजिक बंधुओं से क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल की आत्मीय मुलाकात हुई। सामाजिक बंधुओ की मांग पर देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना हेतु विधायक निधि से 5 लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए विधायक ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिमा केवल एक मूर्ति नहीं बल्कि हमारी संस्कृति नारी शक्ति और सामाजिक गौरव का प्रतीक होगी। गड़रिया समाज परिश्रम ईमानदारी और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है। सदैव क्षेत्र के विकास सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाज के उत्थान युवाओं के शिक्षा एवं रोजगार तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु मैं सदैव प्रतिबद्ध हूं। हमारा लक्ष्य केवल विकास नहीं बल्कि सर्वसमाज का समग्र विकास है जिसमें हर वर्ग हर समाज और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। समय समय पर सभी के सुझाव मेरे लिए मार्गदर्शक हैं और अपेक्षाओं पर खरा उतरना मेरा दायित्व है। उक्त अवसर पर अखिल भारतीय गड़रिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राजेश श्रीपाल कोषाध्यक्ष कृपाल श्रीपाल प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाल प्रदेश संगठन मंत्री राजू पाली महासचिव डॉ राकेश पाली युवा जिला अध्यक्ष महेश पाली उपाध्यक्ष परसोत्तम पाली गुलाब बैजनाथ राजेंद्र पाली अनिल पाली जमना महिला जिला अध्यक्ष पिंकी पाली नीलम पाली एवं सभी सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति रही।

# 20 फरवरी से प्रारंभ होगी कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं की वार्षिक परीक्षाएं

**नवभारत/नरसिंहपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार 20 फरवरी से जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं की वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। परीक्षा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए जिले के सभी जनपद शिक्षा केंद्रों पर विकासखंड स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संबंधित विकासखंडों के समस्त विकासखंड स्रोत समन्वयक एवं परीक्षा केंद्राध्यक्ष उपस्थित रहे। जिला परियोजना अधिकारी मनीष चौकसे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 52 जन शिक्षा केंद्रों के अंतर्गत कुल 202 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन केंद्रों पर कक्षा 5 वीं के 17 हजार 746 और कक्षा 8 वीं के 16 हजार 621 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उन्मुखीकरण प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड स्रोत समन्वयकों द्वारा राज्य शिक्षा केंद्र के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा संचालन संबंधी विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि प्रश्नपत्र संबंधित जन शिक्षा केंद्र से परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व प्राप्त किए जाएं तथा परीक्षा उपरांत उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुरक्षित रूप से जमा कराए जाएं।

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उदघोषणा** रा.मा.क्र. 108 अ-6 सन् -2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार फौती के आधार पर की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 27/02/2026 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/ धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | कंदेली | 74/4 | 805 वर्गफुट | गीताबाई प.स्व. सुरेश कुमार, संध्या, ज्योति, कृष्णकुमार, नारायण कुमार, पिस. सुरेश कुमार, किशोर कुमार आ. शंकरलाल साहू निवासी कंदेली | गीताबाई प.स्व. सुरेश कुमार, संध्या, ज्योति, नारायण कुमार, पिस. सुरेश कुमार, किशोर कुमार आ. शंकरलाल साहू निवासी कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 06/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर